रजिस्ट्री सं. डी.एल. (एन) 04/0007/2003—05 REGD. NO. D. L. (N) 04/0007/2004—05

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-सा.-08012020-215186
CG-DL-W-08012020-215186

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY
साप्ताहिक
WEEKLY

सं. 38] नई दिल्ली, दिसम्बर 15—दिसम्बर 21, 2019, शनिवार/अग्रहायण 24—अग्रहायण 30, 1941
No. 38] NEW DELHI, DECEMBER 15— DECEMBER 21, 2019, SATURDAY/AGRAHAYANA 24—AGRAHAYANA 30, 1941

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह पृथक संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 4
PART II—Section 4

रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश
Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence

रक्षा मंत्रालय

नई दिल्ली, 12 दिसम्बर, 2019

का.नि.आ. 106.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इलैक्ट्रानिकी और यांत्रिकी इंजीनियर कोर मुख्य नक्शानवीस (समूह 'ख' राजपत्रित) भर्ती नियम, 2002 संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात:-

1 (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम इलैक्ट्रानिकी और यांत्रिकी इंजीनियर कोर मुख्य नक्शानवीस (समूह "ख" राजपत्रित) भर्ती (संशोधन) नियम, 2019 है।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. इलैक्ट्रानिकी और यांत्रिकी इंजीनियर कोर मुख्य नक्शानवीस (समूह "ख" राजपत्रित) में जिसमें तत्पश्चात उक्त नियम कहा गया है, नियम 2 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात:-

"2 पदों की संख्या, वर्गीकरण वेतन मैट्रिक्स में स्तर – पद की संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर वह होगा जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट है।"

3. उक्त नियमों में, अनुसूची में-

(i) स्तंभ (4) में, स्तंभ शीर्षक और इससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित स्तंभ शीर्षक और प्रविष्टियां रखी जाएंगी, अर्थात:-

"वेतन मैट्रिक्स में स्तर
(4)
स्तर 7(रु. 44900-142400) "

(ii) स्तंभ (12) में, प्रविष्टि " 5500- 9000 रु." के वेतनमान" के स्थान पर वेतन मैट्रिक्स में (रु. 35400-112400 रु.) स्तर 6" रखा जाएगा;

[फा. सं. 89228/आर आर/ मु न नवी/ ई एम ई/सिव (सी-2)/386/आर आर/र. (नि.)/2019]

ए. एन. वेन्कटाचला, अवर सचिव

टिप्पण :- मूल नियम अधिसूचना सं का.नि.आ 68, तारीख 28 मई, 2003 द्वारा भारत के राजपत्र, भाग II खंड 4 में प्रकाशित किए गए थे।

MINISTRY OF DEFENCE

New Delhi, the 12th December, 2019

S. R. O.106.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules to amend the Corps of Electronics and Mechanical Engineers Chief Draughtsman (Group 'B' Gazetted) Recruitment Rules, 2002 namely:–

1. (1) These rules may be called the Corps of Electronics and Mechanical Engineers, Chief Draughtsman (Group 'B' Gazetted) Recruitment (Amendment) Rules, 2019.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Corps of Electronics and Mechanical Engineering Chief Draughtsman (Group 'B' Gazetted) Recruitment Rules, 2002 hereinafter referred to as the said rules, for rule 2, the following rule shall be substituted, namely:-

"2. Number of posts, classification Level in the pay matrix.- Number of the post, classification and Level in the pay matrix attached thereto, shall be as specified in columns (2) to (4) of the schedule annexed to these rules";

3. In said rules, in the Schedule.-

(i) In column (4), for the column heading and the entries relating thereto, the following column heading and entries shall be substituted, namely.-

"Level in Pay Matrix
(4)
Level-7 (Rs. 44900-142400)";

(ii) In column (12), for the entry "Pay scale 5500-9000", the entry, "Level-6 (Rs-35400-112400) in the Pay Matrix" shall be substituted; .

[F. No. 89228/RR/Chief Dtmn/EME Civ (C-2)/386/RR/D(Appts)2019]

A.N. VENKATACHALA, Under Secy.

Note : The principal rules were published in the Gazette of India, Part-II, Section 4, vide notification number S.R.O. 68, dated the 28th May, 2003.

नई दिल्ली, 12 दिसम्बर, 2019

का.नि.आ. 107 .—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, विद्युत और यांत्रिक इंजीनियर कोर आरेखन कार्यालय कर्मचारिवृन्द भर्ती नियम, 2002 में संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते है, अर्थात:-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ .— (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम विद्युत और यांत्रिक इंजीनियर कोर आरेखन कार्यालय कर्मचारिवृन्द भर्ती (संशोधन) नियम, 2019 हैं।

(2) ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. विधुत और यांत्रिक इंजीनियर कोर आरेखन कार्यालय कर्मचारिवृन्द भर्ती नियम, 2002 में -

(i) नियम 1 के उपनियम (1) में, "विधुत और यांत्रिक इंजीनियर कोर", शब्दों के स्थान पर, "इलेक्ट्रोनिक और यांत्रिक इंजीनियर कोर" शब्दो को रखा जाएगा;

(ii) नियम 2 के स्थान निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात:-

"2. पदों की संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर – उक्त पदों की संख्या, उसका वर्गीकरण और उसका वेतन मैट्रिक्स में स्तर या वेतनमान वे होगे जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट है";

(iii) अनुसूची में, स्तंभ (4) में, स्तंभ शीर्षक और उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित स्तंभ शीर्षक और प्रविष्टियों को रखा जाएगा; अर्थात:-

"वेतन मैट्रिक्स में स्तर
(4)
स्तर 6 (35400-112400रु.)"

[फा. सं 89228/भ.नि/ड्राँट मेन ग्रेड-I/ ई एम ई सिव (सी-2)/344/आर आर/र (नि) /2019]

ए. एन. वेन्कटाचला, अवर सचिव

टिप्पण :- मूल नियम भारत के राजपत्र, भाग- II, खण्ड-4 में अधिसूचना सं का.नि. आ. 177, तारीख 1 अगस्त, 2002, द्वारा प्रकाशित किए गये थे।

New Delhi, the 12th December, 2019

S.R.O. 107.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules to amend the Corps of Electrical and Mechanical Engineering Drawing Staff Recruitment Rules, 2002, namely:-

1. (1) These rules may be called the Corps of Electrical and Mechanical Engineering Drawing Staff Recruitment (Amendment) Rules, 2019.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Corps of Electrical and Mechanical Engineering Drawing Staff Recruitment Rules, 2002,-

(i) in rule 1, in sub-rule (1), for the words "the Corps of Electrical and Mechanical Engineering", the words "the Corps of Electronics and Mechanical Engineers" shall be substituted;

(ii) for rule 2, the following rule shall be substituted, namely:-

"2. Number of posts, classification and level in pay matrix.- The number of the said post, its classification and the level in the pay matrix attached thereto, shall be as specified in columns (2) to 4 of the Schedule annexed to these rules.";

(iii) in the Schedule, in column (4), for the column heading and the entries relating thereto, the following column heading and entries shall be substituted, namely:-

"Level in Pay Matrix
(4)
Level-6 (Rs. 35400-112400)".

[F. No. 89228/RR/Dtmn Gde-I /EME Civ (C-2)/344/RR/D(A)/2019]

A.N. VENKATACHALA, Under Secy.

Note : The principal rules were published in the Gazette of India, Part-II, Section 4, vide notification number S.R.O. 177, dated the 1st August, 2002.

नई दिल्ली, 13 दिसम्बर, 2019

का.नि.आ.108.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, रक्षा मंत्रालय, इलेक्टॉनिक और यांत्रिक इंजीनियर कोर (औद्योगिक) ट्रेडसमैन मेट भर्ती नियम, 2011 को संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते है, अर्थात्:-

1. **(1) संक्षिप्त नाम और प्रारंभ .**—इन नियमों का संक्षिप्त नाम रक्षा मंत्रालय, इलेक्टॉनिक और यांत्रिक इंजीनियर कोर (औद्योगिक) ट्रेडसमैन मेट भर्ती (संशोधन) नियम, 2019 है।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. रक्षा मंत्रालय, इलेक्टॉनिक और यांत्रिक इंजीनियर कोर (औद्योगिक) ट्रेडसमैन मेट भर्ती नियम, 2011 के नियम 2, के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात्:-

(क) "नियम 2 के स्थान पर, पद संख्या, वर्गीकरण, वेतन मैट्रिक्स में स्तर:- उक्त पद की संख्या, उनका वर्गीकरण और उससे संलग्न वेतन मैट्रिक्स में स्तर वे होंगे, जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट है।"

(ख) अनुसूची के स्तंभ (4) में, स्तंभ, शीर्षक और उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित स्तंभ, शीर्षक और प्रविष्टियां रखी जाएगी, अर्थात्:-

"वेतन मैट्रिक्स में स्तर
4
वेतन मैट्रिक्स में स्तर - 1 (18000-56900रु.)"

[फा. सं. 89228/आर आर/ट्रेडसमैन मेट/ ई एम ई असैनिक (सी-2)/455/आर आर/र. (नि.) /2019]

ए. एन. वेन्कटाचला, अवर सचिव

टिप्पण :- रक्षा मंत्रालय, इलेक्ट्रानिक और यांत्रिक इंजीनियर कोर (औद्योगिक) ट्रेडसमैन मेट भर्ती नियम, 2011 के भारत के राजपत्र, भाग- II, खण्ड-4 में अधिसूचना संख्यांक का.नि. आ. 72, तारीख 23 नवम्बर, 2011, द्वारा प्रकाशित किए गये थे।

New Delhi, the 13th December, 2019

S.R.O. 108.—In exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules to amend the Ministry of Defence, Corps of Electronics and Mechanical Engineers (Industrial) Tradesmen Mate Recruitment Rules, 2011, namely:-

1. (1) These rules may be called the Ministry of Defence, Corps of Electronics and Mechanical Engineers (Industrial) Tradesmen Mate Recruitment (Amendment) Rules, 2019.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. For Rule 2 of Ministry of Defence, Corps of Electronics and Mechanical Engineers, (Industrial) Tradesman Mate Recruitment Rules, 2011, the following rule shall be substituted, namely:-

(A) " for rule 2, Number of posts, classification, level in pay matrix.- The number of the said post, its classification and the level in the pay matrix attached thereto, shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules".

(B) in the Schedule, in column (4), for the column heading and the entries relating thereto, the following column heading and entries shall be substituted, namely:-

"Level in pay matrix
(4)
Level-1 in the pay matrix (Rs. 18000-56900)".

[F. No. 89228/RR/Tradesmen Mate /EME Civ (C-2)/455/RR/D(A)/2019]

A.N. VENKATACHALA, Under Secy.

Note : The Ministry of Defence, Corps of Electronics and Mechanicals Engineers (Industrial) Tradesmen Mate Recruitment Rules, 2011 were published in the Gazette of India, Part-II, Section 4, vide notification number S.R.O. 72, dated the 23rd November, 2011.

नई दिल्ली, 12 दिसम्बर, 2019

का.नि.आ.109.— राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, और महानिदेशक सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा (समूह 'घ' पद) भर्ती नियम, 1978, जहां तक उनका संबंध (i) दर्जी, (ii) बूट बनाने वाला, (iii) रसोईया (iv) नाई और (v) धोबी के पदों से संबंधित है को उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया है या करने का लोप किया गया है, रक्षा मंत्रालय, महानिदेशक, सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा समूह (ग) पदों पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते है, अर्थात :-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ** .— (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम महानिदेशक सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा, 'समूह 'ग' कर्मचारी' बृंद (i) दर्जी, (ii) बूट बनाने वाला, (iii) रसोईया (iv) नाई और (v) धोबी पद 'भर्ती नियम 2019' है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. **पद-संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर** .— उक्त पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण और उनका वेतन मैट्रिक्स में स्तर या वेतन मान वें होंगे जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट हैं ।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं आदि** .— उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से (13) में विनिर्दिष्ट हैं ।

4. **निरर्हता** .— वह व्यक्ति –

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित हैं, विवाह किया है या विवाह की संविदा की है; या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है, या विवाह की संविदा की है;

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परंतु यदि केंद्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी ।

5. **शिथिल करने कि शक्ति.**— जहां केन्द्रीय सरकार कि यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन हैं, वहाँ वह उसके लिए जो कारण हैं, उन्हें लेखबद्ध करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों कि बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी ।

6. **व्यावृत्ति.**— इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षणो, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पीछड़े वर्ग, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है ।

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतन मैट्रिक्स मे स्तर	चयन पद है अथवा अचयन पद	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
(1) दर्जी	03* (2019) * कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है ।	साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ग', अराजपत्रित, अननुसचिवीय	वेतन मैट्रिक्स में स्तर-1 (रु. 18000-56900)	लागू नहीं होगा	18 से 25 वर्ष के बीच । (केन्द्रीय सरकार द्वारा समय समय पर जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए, सामान्य अभ्यर्थियों की दशा में 40 वर्ष तथा अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में 45 वर्ष तक शिथिल की जा सकती हैं।) **टिप्पण (i) :** आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी । (न की वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिज़ोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू -कश्मीर राज्य के लद्दाख खंड, हिमाचल प्रदेश के लाहोल और स्पीति जिले तथा चम्बा- जिले के पांगी उपखंड, अंदमान और निकोबार द्वीप या लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई हैं ।) **टिप्पण (ii) :**	**आवश्यक :** (i) किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रीकुलेशन या समतुल्य उत्तीर्ण । (ii) किसी ख्यातिप्राप्त स्थापन में दर्जी के रूप मै 3 वर्ष का अनुभव । **वांछनीय**: किसी मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से दर्जी के व्यावसाय में प्रमाण पत्र । **टिप्पण:-** अनुभव संबधी अर्हता (अर्हताएं) सक्षम प्राधिकारी के विवेकानुसार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में तब शिथिल की जा सकती है जब चयन के किसी प्रक्रम पर सक्षम प्राधिकारी की यह राय है की उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए आपेक्षित अनुभव रखने वाले उन समूदायो के

					रोजगार कार्यालय के माध्यम से आने वाले अभ्यर्थियों की दशा में आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख वह अंतिम तारीख होगी जिस तक रोजगार कार्यालय से नाम भेजने के लिए कहा गया हैं।	अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने की संभावना नहीं है।

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षणिक अर्हताएँ प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो	**भर्ती की पद्धति :** भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता
(8)	(9)	(10)
लागू नहीं होता	दो वर्ष	स्थानांतरण द्वारा, जिसके न होने पर सीधी भर्ती द्वारा

प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा भर्ती की दशा मे वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन किया जाएगा
(11)
रक्षा सेवाओं की निम्नतर विरचनाओं में समरुप पदों के धारक ऐसे व्यक्तियों के स्थानांतरण द्वारा और जो स्तम्भ (7) में विहित अर्हताएं रखते हों।

यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है, तो उसकी संरचना	भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा
(12)	(13)
समूह 'ग' विभागीय पुष्टि समिति (पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे :- 1. कमांडेंट/एकक में उप कमांडेंट या कमान अधिकारी/एकक में द्वितीय कमान अधिकारी - अध्यक्ष 2. दो अन्य अधिकारी जो कमांडेंट / एकक में कमान अधिकारी द्वारा नामनिर्दिष्ट हो – सदस्य	लागू नही होता।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
(2) बूट बनाने वाला	02* (2019) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है	साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ग', अराजपत्रित, अननुसचिवीय	वेतन मैट्रिक्स में स्तर-1 (रु. 18000-56900)	लागू नहीं होगा	18 से 25 वर्ष के बीच (केन्द्रीय सरकार द्वारा समय समय पर जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए, सामान्य अभ्यर्थियों की दशा में 40 वर्ष तथा अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में 45 वर्ष तक शिथिल की जा सकती हैं।) **टिप्पण (i) :** आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी। (न की वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय,	(i) मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रीकुलेशन या समतुल्य उत्तीर्ण (ii) व्यावसाय में प्रवीणता

					अरुणाचल प्रदेश, मिज़ोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू -कश्मीर राज्य के लद्दाख खंड, हिमाचल प्रदेश के लाहोल और स्पीति जिले तथा चम्बा- जिले के पांगी उपखंड, अंदमान और निकोबार द्वीप या लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई हैं ।) **टिप्पण (ii) :** रोजगार कार्यालय के माध्यम से आनेवाले अभ्यर्थियों की दशा में आयुसीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख वह अंतिम तारीख होगी जिस तक रोजगार कार्यालय से नाम भेजने के लिए कहा गया हैं ।	

(8)	(9)	(10)
लागू नही होता	दो वर्ष	स्थानांतरण द्वारा, जिसके न होने पर सीधी भर्ती द्वारा

(11)
रक्षा सेवाओं की निम्नतर विरचनाओं में समरुप पदों के धारक ऐसे व्यक्तियों के स्थानांतरण द्वारा और जो स्तम्भ (7) में विहित अर्हताएं रखते हों ।

(12)	(13)
समूह 'ग' विभागीय पुष्टि समिति (पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे :- 1. कमांडेंट/एकक में उप कमांडेंट या कमान अधिकारी/एकक में द्वितीय कमान अधिकारी - अध्यक्ष 2. दो अन्य अधिकारी जो कमांडेंट / एकक में कमान अधिकारी द्वारा नामनिर्दिष्ट हो – सदस्य	लागू नही होता

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
(3) रसोईया	26* (2019) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है ।	साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ग', अराजपत्रित, अननुसचिवीय	वेतन मैट्रिक्स में स्तर-1 (रु. 18000-56900)	लागू नही होगा	18 से 25 वर्ष के बीच (केन्द्रीय सरकार द्वारा समय समय पर जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए, सामान्य अभ्यर्थियों की दशा में 40 वर्ष तथा अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में 45 वर्ष तक शिथिल की जा सकती हैं।) **टिप्पण (i) :** आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी । (न की वह अंतिम	(i) मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रीकुलेशन या समतुल्य उत्तीर्ण । (ii) व्यावसाय में प्रवीणता ।

					तारीख जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिज़ोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू -कश्मीर राज्य के लद्दाख खंड, हिमाचल प्रदेश के लाहोल और स्पीति जिले तथा चम्बा- जिले के पांगी उपखंड, अंदमान और निकोबार द्वीप या लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई हैं।) **टिप्पण (ii) :** रोजगार कार्यालय के माध्यम से आने वाले अभ्यर्थियों की दशा में आयुसीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख वह अंतिम तारीख होगी जिस तक रोजगार कार्यालय से नाम भेजने के लिए कहा गया हैं।	

(8)	(9)	(10)
लागू नही होता	दो वर्ष	स्थानांतरण द्वारा, जिसके न होने पर सीधी भर्ती द्वारा

(11)
रक्षा सेवाओं की निम्नतर विरचनाओं में समरुप पदों के धारक ऐसे व्यक्तियों के स्थानांतरण द्वारा और जो स्तम्भ (7) में विहित अर्हताएं रखते हों।

(12)	(13)
समूह 'ग' विभागीय पुष्टि समिति (पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे :- 1. कमांडेंट/एकक में उप कमांडेंट या कमान अधिकारी/एकक में द्वितीय कमान अधिकारी - अध्यक्ष 2. दो अन्य अधिकारी जो कमांडेंट / एकक में कमान अधिकारी द्वारा नामनिर्दिष्ट हो – सदस्य	लागू नही होता

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
(4) नाई	11* (2019) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ग', अराजपत्रित, अननुसचिवीय	वेतन मैट्रिक्स में स्तर-1 (रू 18000-56900)	लागू नही होगा	18 से 25 वर्ष के बीच (केन्द्रीय सरकार द्वारा समय समय पर जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए, सामान्य अभ्यर्थियों की दशा में 40 वर्ष तथा अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में 45 वर्ष तक शिथिल की जा सकती हैं।) **टिप्पण (i) :** आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी। (न की वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिज़ोरम, मणिपुर,	(i) मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रीकुलेशन या समतुल्य उत्तीर्ण। (ii) व्यावसाय में प्रवीणता।

					नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू - कश्मीर राज्य के लद्दाख खंड, हिमाचल प्रदेश के लाहोल और स्पीति जिले तथा चम्बा- जिले के पांगी उपखंड, अंदमान और निकोबार द्वीप या लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई हैं।) **टिप्पण (ii) :** रोजगार कार्यालय के माध्यम से आने वाले अभ्यर्थियों की दशा में आयुसीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख वह अंतिम तारीख होगी जिस तक रोजगार कार्यालय से नाम भेजने के लिए कहा गया हैं।	

(8)	(9)	(10)
लागू नही होता	दो वर्ष	स्थानांतरण द्वारा, जिसके न होने पर सीधी भर्ती द्वारा

(11)
रक्षा सेवाओं की निम्नतर विरचनाओं में समरुप पदों के धारक ऐसे व्यक्तियों के स्थानांतरण द्वारा और जो स्तम्भ (7) में विहित अर्हताएं रखते हों

(12)	(13)
समूह 'ग' विभागीय पुष्टि समिति (पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे :- 1. कमांडेंट/एकक में उप कमांडेंट या कमान अधिकारी/एकक में द्वितीय कमान अधिकारी - अध्यक्ष 2. दो अन्य अधिकारी जो कमांडेंट / एकक में कमान अधिकारी द्वारा नामनिर्दिष्ट हो – सदस्य	लागू नही होता

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
(5) धोबी	19* (2019) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है	साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ग', अराजपत्रित, अननुसचिवीय	वेतन मैट्रिक्स में स्तर-1 (रु. 18000-56900)	लागू नही होगा	18 से 25 वर्ष के बीच (केन्द्रीय सरकार द्वारा समय समय पर जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए, सामान्य अभ्यर्थियों की दशा में 40 वर्ष तथा अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में 45 वर्ष तक शिथिल की जा सकती हैं।) **टिप्पण (i) :** आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी। (न की वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिज़ोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू -कश्मीर राज्य के लद्दाख खंड, हिमाचल प्रदेश के लाहोल और स्पीति जिले तथा चम्बा- जिले के	(i) मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रीकुलेशन या समतुल्य उत्तीर्ण। (ii) व्यावसाय में प्रवीणता।

					पांगी उपखंड, अंदमान और निकोबार द्वीप या लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई हैं।) **टिप्पण (ii) :** रोजगार कार्यालय के माध्यम से आने वाले अभ्यर्थियों की दशा में आयुसीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख वह अंतिम तारीख होगी जिस तक रोजगार कार्यालय से नाम भेजने के लिए कहा गया हैं।	

(8)	(9)	(10)
लागू नही होता	दो वर्ष	स्थानांतरण द्वारा, जिसके न होने पर सीधी भर्ती द्वारा

(11)
रक्षा सेवाओं की निम्नतर विरचनाओं में समरुप पदों के धारक ऐसे व्यक्तियों के स्थानांतरण द्वारा और जो स्तम्भ (7) में विहित अर्हताएं रखते हों

(12)	(13)
समूह 'ग' विभागीय पुष्टि समिति (पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे :- 1. कमांडेंट/एकक में उप कमांडेंट या कमान अधिकारी/एकक में द्वितीय कमान अधिकारी - अध्यक्ष 2. दो अन्य अधिकारी जो कमांडेंट / एकक में कमान अधिकारी द्वारा नामनिर्दिष्ट हो – सदस्य	लागू नही होता

[फा.सं.11375/आर आर/स. ('ग') स्टाफ/डी जी ए एफ एम एस/डी जी-2बी/464(आर.आर./र.(नियु)/2019]

एस. एस. एस. शर्मा, निदेशक (स्था./सी पी)

New Delhi, the 12th December, 2019

S.R.O. 109.— In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution and in supersession of the Director General Armed Forces Medical Services (Group 'D' posts) , Recruitment Rules, 1978 in so far as they relate to the posts of (i) Tailor, (ii) Bootmaker, (iii) Cook, (iv) Barber and (v) Washerman/Dhobi except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to certain Group 'C' posts under Director General Armed Forces Medical Services, Ministry of Defence, namely: -

1. **Short title and commencement.—**(1) These rules may be called the Director General Armed Forces Medical Services (Group 'C' Posts) Recruitment Rules, 2019.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Application.—** These rules shall apply to the posts specified in column (1) of the Schedule annexed to these rules.

3. **Number of posts, classification and level in the pay matrix.—** The number of the said posts, its classification and level in the pay matrix attached thereto shall be as specified in columns (2) to (4) of the said Schedule.

4. **Method of recruitment, age-limit and other qualifications etc.—** The method of recruitment to the said posts, age-limit, qualifications and other matters relating thereto shall be as specified in columns (5) to (13) of the said Schedule.

5. **Disqualification.—** No person, -

(a) who has entered into or contracted a marriage with person having a spouse living; or

(b) who having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said posts:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personnel law applicable to such person and the other party to the marriage and there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

6. **Power to relax.—** Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing and relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

7. **Saving.—** Nothing in these rules shall affect reservation, relaxation of age-limit and other concessions required to be provided for the Schedule Castes, the Scheduled Tribes, Other Backward Classes, Ex-servicemen and other special categories of persons, in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

Name of Posts	Number of Post	Classification	Level in pay matrix	Whether selection post or non-selection post	Age-limit for direct recruits
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
(1) Tailor	3* (2019) *Subject to variation dependent on workload	General Central Service, Group 'C', Non-Gazetted, Non-Ministerial	Level -1 in the pay matrix (Rs 18000-56900)	Not Applicable	Between 18 and 25 years of age. (Relaxable for the Government Servants upto forty years in case of general candidates and upto forty-five years in case of candidates belonging to the Schedule Castes and the Schedule Tribes in accordance with the instructions or orders issued by the Central Government). **Note:-** (i) The crucial date for determining the age-limit shall be the closing date for receipt of applications from candidates and not the closing date prescribed for those in Assam, Meghalaya, Arunachal Pradesh, Mizoram, Manipur, Nagaland, Tripura, Sikkim, Ladakh Division of Jammu and Kashmir state, Lahual & Spity district and Pangi sub-division of Chamba district of Himachal Pradesh, Andaman and Nicobar Island and Lakshadweep. (ii) In case of recruitment made through the Employment Exchange, the crucial date for determining the age-limit shall be the last date upto which the Employment Exchange is asked to submit the names.

Educational and other qualifications required for direct recruits	Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees	Period of probation, if any	Method of recruitment, whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/absorption and percentage of the vacancies to be filled by various methods	In case of recruitment by promotion or deputation/ absorption, grades from which promotion or deputation / absorption to be

				made
(7)	(8)	(9)	(10)	(11)
Essential: (i) Matriculation or equivalent pass from a recognised Board. (ii) 3 years' experience as Tailor in a reputed establishment. **Desirable:** A certificate from a recognized Industrial Training Institute in the trade of Tailor. **Note:** The qualification regarding experience is relaxable at the discretion of the competent authority in the case of candidates belonging to the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes, if at any stage of selection, the competent authority is of the opinion that sufficient number of candidates from those communities possessing the requisite experience are not likely to be available to fill up the vacancies reserved for them.	Not applicable	Two years	By transfer failing which by direct recruitment	Transfer of persons holding similar posts in lower formations of Defence Services and having qualifications prescribed in Column (7)

If a Departmental Promotion Committee exists what is its composition	Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment
(12)	(13)
Group 'C' Departmental Confirmation Committee (for considering confirmation) consisting of :- (1). Commandant/Deputy Commandant Unit or Commanding Officer/2nd-in- Command Unit - Chairman (2). Two other Officers as nominated by the Commandant/ Commanding Officer Unit - Members	Not applicable

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
(2) Bootmaker	2* (2019) *Subject to variation dependent on workload	General Central Service, Group 'C', Non-Gazetted, Non-Ministerial	Level -1 in the pay matrix (Rs. 18000-56900)	Not Applicable	Between 18 and 25 years of age. ((Relaxable for the Government Servants upto forty years in case of general candidates and upto forty- five years in case of candidates belonging to the Schedule Castes and the Schedule Tribes in accordance with the instructions or orders issued by the Central Government). **Note:-** (i) The crucial date for determining the age-limit shall be the closing date for receipt of applications from candidates and not the closing date prescribed for those in Assam, Meghalaya, Arunachal Pradesh, Mizoram, Manipur, Nagaland, Tripura, Sikkim, Ladakh Division of Jammu and Kashmir state, Lahual & Spity district and Pangi sub-division of Chamba district of

					Himachal Pradesh, Andaman and Nicobar Island and Lakshadweep. (ii) In case of recruitment made through the Employment Exchange, the crucial date for determining the age-limit shall be the last date upto which the Employment Exchange is asked to submit the names.

(7)	(8)	(9)	(10)	(11)
(i) Matriculation or equivalent pass from a recognised Board. (ii) Proficiency in the trade	Not applicable	Two years	By transfer failing which by direct recruitment	Transfer of persons holding similar posts in lower formations of Defence Services and having qualifications prescribed in Column (7)

(12)	(13)
Group 'C' Departmental Confirmation Committee (for considering confirmation) consisting of :- (1). Commandant/Deputy Commandant Unit or Commanding Officer/2nd-in- Command Unit - Chairman (2). Two other Officers as nominated by the Commandant/ Commanding Officer Unit - Members	Not applicable.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
(3) Cook	26* (2019) *Subject to variation dependent on workload	General Central Service, Group 'C', Non-Gazetted, Non-Ministerial	Level –1 in the pay matrix (Rs. 18000-56900).	Not Applicable	Between 18 and 25 years of age. (Relaxable for the Government Servants upto forty years in case of general candidates and upto forty-five years in case of candidates belonging to the Schedule Castes and the Schedule Tribes in accordance with the instructions or orders issued by the Central Government). **Note:-** (i) The crucial date for determining the age-limit shall be the closing date for receipt of applications from candidates and not the closing date prescribed for those in Assam, Meghalaya, Arunachal Pradesh, Mizoram, Manipur, Nagaland, Tripura, Sikkim, Ladakh Division of Jammu and Kashmir state, Lahual & Spity district and Pangi sub-division of Chamba district of Himachal Pradesh, Andaman and Nicobar Island and Lakshadweep. (ii) In case of recruitment made through the Employment Exchange, the crucial date for determining the age-limit shall be the last date upto which the Employment Exchange is asked to submit the names.

(7)	(8)	(9)	(10)	(11)
(i) Matriculation or equivalent pass from a recognised Board . (ii) Proficiency in the trade	Not applicable	Two years	By transfer failing which by direct recruitment	Transfers of persons holding similar posts in lower formations of Defence Services and having qualifications prescribed in

				Column (7)

(12)	(13)
Group 'C' Departmental Confirmation Committee (for considering confirmation) consisting of : (1). Commandant/Deputy Commandant Unit or Commanding Officer/ 2nd-in- Command Unit - Chairman (2). Two other Officers as nominated by the Commandant/ Commanding Officer Unit - Members	Not applicable

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
(4) Barber	11* (2019) *Subject to variation dependent on workload	General Central Service, Group 'C', Non-Gazetted, Non-Ministerial	Level -1 in the pay matrix (Rs. 18000-56900)	Not Applicable	Between 18 and 25 years of age. (Relaxable for the Government Servants upto forty years in case of general candidates and upto forty- five years in case of candidates belonging to the Schedule Castes and the Schedule Tribes in accordance with the instructions or orders issued by the Central Government). **Note:-** (i) The crucial date for determining the age-limit shall be the closing date for receipt of applications from candidates and not the closing date prescribed for those in Assam, Meghalaya, Arunachal Pradesh, Mizoram, Manipur, Nagaland, Tripura, Sikkim, Ladakh Division of Jammu and Kashmir state, Lahual & Spity district and Pangi sub-division of Chamba district of Himachal Pradesh, Andaman and Nicobar Island and Lakshadweep. (ii) In case of recruitment made through the Employment Exchange, the crucial date for determining the age-limit shall be the last date upto which the Employment Exchange is asked to submit the names.

(7)	(8)	(9)	(10)	(11)
(i) Matriculation or equivalent pass from a recognised Board . (ii) Proficiency in the trade.	Not applicable	Two years	By transfer failing which by direct recruitment	Transfers of persons holding similar posts in lower formations of Defence Services and having qualifications prescribed in Column (7).

(12)	(13)
Group 'C' Departmental Confirmation Committee (for considering confirmation) consisting of : (1) Commandant/Deputy Commandant Unit or Commanding Officer/2nd-in- Command Unit - Chairman (2). Two other Officers as nominated by the Commandant/ Commanding Officer Unit - Members	Not applicable

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)

(5) Washerman/ Dhobi	19* (2019) *Subject to variation dependent on workload	General Central Service, Group 'C', Non-Gazetted, Non-Ministerial	Level –1 in the pay matrix (Rs. 18000-56900)	Not Applicable	Between 18 and 25 years of age. (Relaxable for the Government Servants upto forty years in case of general candidates and upto forty-five years in case of candidates belonging to the Schedule Castes and the Schedule Tribes in accordance with the instructions or orders issued by the Central Government). **Note:-** (i) The crucial date for determining the age-limit shall be the closing date for receipt of applications from candidates and not the closing date prescribed for those in Assam, Meghalaya, Arunachal Pradesh, Mizoram, Manipur, Nagaland, Tripura, Sikkim, Ladakh Division of Jammu and Kashmir state, Lahual & Spity district and Pangi sub-division of Chamba district of Himachal Pradesh, Andaman and Nicobar Island and Lakshadweep. (ii) In case of recruitment made through the Employment Exchange, the crucial date for determining the age-limit shall be the last date upto which the Employment Exchange is asked to submit the names.

(7)	(8)	(9)	(10)	(11)
(i) Matriculation or equivalent pass from a recognised Board. (ii) Proficiency in the trade	Not applicable	Two years	By transfer failing which by direct recruitment	Transfers of persons holding similar posts in lower formations of Defence Services and having qualifications prescribed in Column (7)

(12)	(13)
Group 'C' Departmental Confirmation Committee (for considering confirmation) consisting of : (1). Commandant/Deputy Commandant Unit or Commanding Officer/2nd-in- Command Unit - Chairman; (2). Two other Officers as nominated by the Commandant/ Commanding Officer Unit - Members.	Not applicable.

[F. No. 11375/RR/Gp 'C' Staff/DGAFMS/DG-2B/464/RR/D(Appts)/2019]
S.S.S. SARMA, Director (Estt/CP)

(रक्षा अनुसंधान और विकास विभाग)

नई दिल्ली, 4 दिसम्बर, 2019

का.नि.आ.110.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन रक्षा मंत्रालय, कैंटीन काडर (समूह 'ग' एवं समूह 'घ') पद भर्ती नियम, 1999 को, उन बातों के सिवाय, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है रक्षा मंत्रालय, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन में कैंटीन संवर्ग (समूह 'ग' व समूह 'घ') पदों की, भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.—** (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम, रक्षा मंत्रालय, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन, कैंटीन काडर (समूह 'ग') पद भर्ती नियम, 2019 है।

(2) ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **लागू होना.—** ये नियम इन नियमों में उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (1) में विनिर्दिष्ट पदों पर लागू होंगे।

3. **पद संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर.—** उक्त पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर वे होंगे, जो इन नियमों में उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट हैं ।

4. **भर्ती की पद्धति, आयु सीमा एवं अन्य अर्हताएं.—**उक्त पदों पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उक्त पद से संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से (13) में विनिर्दिष्ट हैं ।

5. **निरर्हता.—**वह व्यक्ति.-

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है विवाह किया है या विवाह की संविदा की है, या

(ख) जिसने अपने पति या पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह की संविदा की है, उक्त पदों पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा:-

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह उस व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार है, तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

6. **शिथिल करने की शक्ति.—**अगर केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

7. **व्यावृति.—**इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षणों, आयु सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, पूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतन मैट्रिक्स में स्तर एवं वेतनमान	चयन पद या अचयन पद	सीधी भर्ती हेतु आयु सीमा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
सहायक प्रबंधक सह-भंडारी	16* (2019) *(कार्य भार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।)	साधारण केन्द्रीय सेवा, (समूह 'ग') अराजपत्रित अननुसचिवीय	वेतन मैट्रिक्स में स्तर–4 (25500-81100रु.)	अचयन	18 से 25 वर्ष, (केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार सरकारी कर्मचारियों के लिए 40 वर्ष की आयु (अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के सरकारी कर्मचारियों के लिए 45 वर्ष की आयु) तक शिथिल की जा सकती है) **टिप्पण 1**: यदि पद का विज्ञापन रोजगार समाचार और समाचार पत्रों में किया गया हो, तो ऐसे मामले में आयु सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख वह अंतिम तारीख होगी जिस तक कार्मिक प्रतिभा प्रबंधन केन्द्र से नाम भेजने के लिए कहा गया है। **टिप्पण 2**: आयु सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख

					वह अंतिम तारीख होगी जिस तक आवेदन मंगवाए गए है।

सीधी भर्ती के लिए आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताएं	क्या सीधी भर्ती के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत होने वालों के मामलों में भी लागू होगी	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो	भर्ती की पद्धति सीधी होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति द्वारा या आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता
(7)	(8)	(9)	(10)
